रजिस्ट्रेशन सं. डी. एल.—33004/96 REGN. NO. D. L.—33004/96

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 73] नई दिल्ली, सोमवार, मार्च 25, 1996/चैत्र 5, 1918
No. 73] NEW DELHI, MONDAY, MARCH 25, 1996/CHAITRA 5, 1918

वाणिज्य मंत्रालय

सार्वजनिक सूचना संख्या 352/(पी एन)/92-97

नई दिल्ली, 25 मार्च, 1996

फा. सं. पी. आर. यू./एच बी/II-92-97:—निर्यात और आयात नीति, 1992-97 यथासंशोधित, के पैरा-16 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, महानिदेशक, विदेश व्यापार प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड-1), 1992-97, यथासंशोधित, में एतद्द्वारा निम्नलिखित संशोधन करते हैं:—

अध्याय 1

पैराग्राफ 1 के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ा जाएगा:—

'निर्यात और आयात मदों के आई टी सी (एच एस) वर्गीकरण के रूप में एक अन्य संकलन को अधिसूचित किया गया जिसमें आई टी सी (एच एस) वर्गीकरण पर आधारित मदवार आयात और निर्यात नीति शामिल है। यह संकलन भी 31 मार्च, 1997 तक लागू रहेगा।

अध्याय 3

2. पैराग्राफ 5(4) में दी गई पदनामित प्राधिकारी की परिभाषा निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित की जाएगी:

"पदनामित प्राधिकारी" का अर्थ है, पास-बुक योजना और डायमंड क्रेडिट बुक स्कीम के प्रचालन हेतु महानिदेशक विदेश व्यापार के कार्यालय का अधिकारी, जोकि उप महानिदेशक विदेश व्यापार से कम पद का न हो।

3. पैराग्राफ 5(8) में दी गई "जोनल अग्रिम लाइसेंसिंग समिति" की परिभाषा को हटा दिया गया है।

4. निम्नलिखित "क्षेत्रीय अग्रिम लाइसेंसिंग समिति" की परिभाषा, प्रविष्टि (9) के बाद एक नई प्रविष्टि (10) के रूप में पैराग्राफ 5 में जोड़ी जाएगी:—

"आर ए एल सी" का अर्थ है क्षेत्रीय अग्रिम लाइसेंसिंग समिति, जो क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकारी के कार्यालय में कार्य कर रही है, जिसका प्रधान संयुक्त महानिदेशक विदेश व्यापार है।

अध्याय 4

5. विद्यमान पैराग्राफ 12 के बाद निम्नलिखित नए पैराग्राफ को जोड़ा जाएगा :

आयातक-निर्यातक कोड नम्बर को लौटाना

12-क. यदि आयातक-निर्यातक कोड नम्बर धारक, आवंटित कोड नम्बर परिचालित न करना चाहे तो वह क्षेत्रीय लाइसेंसिंग, प्राधिकारी, जिसने उपरोक्त कोड नम्बर आबंटित किया था, को सूचना द्वारा अभ्यर्पित कर सकता है।

ऐसी सूचना प्राप्त न होने पर, क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकारी, सभी सीमाशुल्क/लाइसेंसिंग प्राधिकारियों को तत्काल सूचित करेगा कि उपर्युक्त आयातक-निर्यातक कोड नम्बर निष्क्रिय हो गया है ।

6. पैराग्राफ 17(2) निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा:—

कम्प्यूटरों और कम्प्यूटर पर आधारित प्रणाली के आयात को छोड़कर इसके अन्तर्गत पंजीकृत संगठित सैक्टर की यूनिटों के लिए, औद्योगिक नीति तथा संवर्धन विकास विभाग (डी एस डब्ल्यू) ।

7. पैराग्राफ 21 निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा:

निर्यात-आयात लाइसेंस/सीमाशुल्क निकास परमिट/पास बुक/डायमंड क्रेडिट बुक की अनुलिपि

जब पास बुक और डायमंड क्रेडिट बुक सहित लाइसेंस गुम या अस्थानास्थ हो जाए तो परिशिष्ट 6 में निर्धारित प्रपत्र में लाइसेंसिंग प्राधिकारी या नामित प्राधिकारी को अनुलिपि जारी करने के लिए आवेदन कर सकता है। आवेदन के गुणावगुण के आधार पर संतुष्ट होने के पश्चात् संबंधित प्राधिकारी लाइसेंस/पासबुक/डायमंड क्रेडिट बुक, जैसा भी मामला हो, की मूल प्रति को निरस्त करने के आदेश जारी करने के पश्चात् तथा उस सीमाशुल्क प्राधिकारी को सूचित करने के पश्चात् जहां पर लाइसेंस/पासबुक/डायमंड क्रेडिट बुक पंजीकृत हुई है, की डुप्लीकेट प्रतिलिपि जारी कर देंगे। तथापि मुक्त रूप से हस्तांतरणीय आयात लाइसेंस की अनुलिपि जारी नहीं की जाएगी ।

अध्याय 5

8. पैरा 49 निम्नानुसार प्रतिस्थापित किया जाएगा:—
यद्यपि उपरोक्त पैरा 44-45 के अन्तर्गत जारी किए गए लाइसेंस होटल, पर्यटक एवं पर्यटन उद्योग में मुक्त रूप से हस्तांतरणीय है तथापि स्वतः आयात किया गया अथवा लाइसेंस के मद्दे आयात किया गया माल वास्तविक उपभोक्ता शर्त के अधीन होगा तथा आयात की तिथि से विदेश व्यापार महानिदेशक की अनुमति के बिना दस वर्ष की अवधि तक स्थानांतरित नहीं किया जाएगा ।

9. पैरा 66 के अन्त में दिए गए जिस लाइसेंसिंग वर्ष से आवेदन संबंधित उस वर्ष की 31 मई तक नामक शब्द एवम् अंक जोड़ दिए जाएंगे ।

10. पैरा 92 निम्न अनुसार प्रतिस्थापित किया जाएगा:

परिशिष्ट-35 में व्यवस्था होते हुए भी परिशिष्ट-48 में दी गई आयुर्वेदिक, यूनानी अथवा चिकित्सा अन्य कोई पद्धति के लिए अच्छी दवाओं का आयात वास्तविक उपभोक्ता शर्त के अधीन किया जा सकता है बशर्ते कि संबंधित आयुर्वेदिक, यूनानी अथवा चिकित्सा की अन्य कोई पद्धति के विनिर्माता के पास औषध एवं प्रसाधन अधिनियम, 1940 और औषध एवं प्रसाधन अधिनियम, 1945 के अन्तर्गत विनिर्माता का वैध लाइसेंस उपलब्ध हो ।

अध्याय 6

11. मौजूदा पैराग्राफ 100क के बाद एक नया पैराग्राफ 100ख जोड़ा जाएगा:—

"100ख. प्रक्रिया पुस्तक (खण्ड—1) के पैराग्राफ 19 में शामिल उपबन्धों के बावजूद ई पी सी जी लाइसेंस हिस्से-पुर्जों के आयात के प्रयोजन के लिए निर्यात दायित्व की मूल अवधि के दौरान वैध होगा जैसाकि निर्यात एवं आयात नीति के पैराग्राफ 38 के अधीन अनुमति दी गई है।"

12. मौजूदा पैराग्राफ 102 को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा:—

इस योजना के अधीन 1 करोड़ रु० तक के आवेदनों पर परिशिष्ट 19 में निर्दिष्ट अधिकार क्षेत्र के अनुसार संयुक्त निदेशक, विदेश व्यापार की अध्यक्षता वाली एक समिति द्वारा विचार किया जायेगा। इस सीमा से अधिक और 5 करोड़ रु. तक के आवेदनों पर उपर्युक्त परिशिष्ट में दिए गए अधिकार-क्षेत्र के अनुसार संयुक्त निदेशक, विदेश व्यापार की अध्यक्षता वाली जोनल लाइसेंसीकरण समितियों द्वारा विचार किया जाएगा । इस योजना के अधीन 5 करोड़ रु. से अधिक वाले आवेदनों पर महानिदेशक, विदेश व्यापार की अध्यक्षता वाली एक समिति द्वारा विचार किया जायेगा। 20 करोड़ रु. और इससे अधिक लागत बीमा-भाड़ा मूल्य के लिए ई पी सी जी योजना के अधीन प्रस्तुत किए गए सभी आवेदनों पर सचिवों की समिति को भेजने से पहले ई पी सी जी की मुख्यालय समिति द्वारा विचार किया जाएगा।

सभी क्षेत्रीय लाइसेंसीकरण प्राधिकरण/जोनल लाइसेंसीकरण प्राधिकरण इस योजना के अधीन ई पी सी जी लाइसेंस/मानीटरिंग रिपोर्ट जारी करने के संबंध में विदेश व्यापार महानिदेशालय के निर्यात दायित्व सैल-2 को समय-समय पर विवरण भेजेंगे ।

13. पैराग्राफ 103 के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ा जाएगा :

किन्तु, सचिवों की समिति/ईपीसी जी समिति सीमा-शुल्क प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित मूल्य से ज्यादा मूल्य के लिए उपयुक्त मामलों मे बैंक गारंटी मांग सकती है।

14. मौजूदा पैराग्राफ 105 (घ) के बाद पैराग्राफ 105 (ड़) के रूप में निम्नलिखित को जोड़ा जायेगा।

"105 (ड़) : लाइसेंसधारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि निर्यात के समय सभी शिपिंग बिलों पर ई पी सी जी लाइसेंस सं. और तारीख लिखी गई है जिस पर निर्यात दायित्व को पूरा करने पर ही विश्वास किया जाएगा।"

15. पैराग्राफ 105क में दूसरे वाक्य को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा :

अध्याय 7

16. मौजूदा पैराग्राफ 108 (क) (2) को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा :

"(2) सुपर स्टार व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन/व्यापार सदन/निर्यात सदन/सावर्जनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा निर्यात के मामले के अलावा विदेश में ऐसे गोदामों को खेप के आधार पर निर्यात आदेश/साख-पत्र दिए जाएंगें जैसा कि समय-समय पर निर्दिष्ट किया गया है।"

17. मौजूदा पैराग्राफ 108 (ग) को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा :

"जहां मानदण्ड प्रकाशित किए जा चुके हैं और आवेदन पर आर ए एल सी/जेड ए एल सी/ए एल सी के अनुमोदन की जरूरत नहीं है, अनुलग्नक और अन्य दस्तावेजों की एक प्रति सहित परिशिष्ट—17 में एक आवेदन संबंधित लाइसेंसीकरण प्राधिकारी को प्रस्तुत करना होगा।"

18. पैराग्राफ 108 (घ) के पहले दो वाक्यों को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा :—

"जिन मामलों को आर. ए. एल. सी. /जेड ए एल सी/ए एल सी के समक्ष रखना आवश्यक है, उस स्थिति में परिशिष्ट—19 में दिए गए अधिकार क्षेत्र के अनुसार अनुलग्नक की 25 प्रतियों सहित परिशिष्ट—17 में एक आवेदन प्रस्तुत करना होगा। ऐसे मामलों में आवेदन की एक प्रति संबंधित लाइसेंसीकरण प्राधिकारी को भी पृष्ठांकित की जानी चाहिए। आर ए एल सी/जेड ए एल सी/ए एल सी संस्तुतकर्ता प्राधिकारी के रूप में कार्य करेगा।"

19. मौजूदा पैराग्राफ 108 (च) को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा :—

"लाइसेंसीकरण प्राधिकारी अधिक से अधिक तीन माला आधारित शुल्क मुक्त लाइसेंस दे सकता है, जहां मानक निविष्टि उत्पादन मानदण्ड आर ए एल सी/जेड ए एल सी/ए एल सी की सिफारिश के आधार पर निर्धारित नहीं किए गए हैं। दूसरा लाइसेंस देते समय, यह सुनिश्चित करना होगा कि आवेदन निर्यातक के मानदण्डों के मानकीकरण के लिए मुख्यालय विशेष अग्रिम लाइसेंसीकरण समिति को पूर्ण आवेदन प्रस्तुत किया है। इसके अलावा ऐसे आवेदन की एक प्रति संबंधित लाइसेंसीकरण प्राधिकारी को प्रस्तुत करनी होगी और एक प्रति आर ए एल सी/जेड ए एल सी को प्रस्तुत करनी होगी जहां पर आर ए एल सी/जेड ए एल सी लाइसेंसीकरण प्राधिकारी के स्थान से अलग स्थित है।"

20. पैराग्राफ 109 के पहले वाक्य को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा।

"लाइसेंसीकरण प्राधिकरणों, आर ए एल सी, जेड ए एल सी और ए एल सी की वित्तीय शक्तियां नीचे तालिका में दी गई है"

21. "जहां कोई मानदण्ड निर्धारित नहीं किए गए हैं" शीर्ष के अधीन पैराग्राफ 109 में दी गई तालिका को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा।

"आर ए एल सी की सिफारिश पर 50 लाख रु. एक लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य	"जेड ए एल सी की सिफारिश पर 50 लाख रु. से अधिक और 3 करोड़ रु. तक लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य	"ए एल सी की सिफारिश पर 3 करोड़ रु० से अधिक लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य
क्षेत्रीय लाइसेंसीकरण प्राधिकारी	क्षेत्रीय लाइसेंसीकरण प्राधिकारी	मुख्यालय में लाइसेंसीकरण प्राधिकारी
लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

22. मौजूदा पैराग्राफ 109क को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा :

"मानदण्डों के मानकीकरण के लिए, प्रक्रिया के परिशिष्ट—16 में पूरे आंकड़ों सहित विधिवत् भरे गए सभी आवेदन मुख्यालय विशेष अग्रिम लाइसेंसीकरण समिति को प्रस्तुत किए जाएंगें। महानिदेशक, विदेश व्यापार मख्यालय विशेष अग्रिम लाइसेंसीकरण समिति द्वारा संस्तुत ऐसे मानदण्डों को अधिसूचित कर सकते हैं।"

जब तक ऐसे मानदण्डों को अधिसूचित किया जाता है, लाइसेंसीकरण प्राधिकारी आवृत्ति आधार पर लाइसेंस दे सकता है बशर्ते कि आवेदक ने मानदण्डों के

मानकीकरण के लिए निर्धारित प्रपत्र में मुख्यालय विशेष अग्रिम लाइसेंसीकरण समिति को आवेदन किया हो और इसकी प्रति क्षेत्रीय लाइसेंसीकरण प्राधिकारी द्वारा प्राप्त की गई हो जिसने लाइसेंस जारी किया है।

23. पैराग्राफ 118 के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ा जायगा :—

"उपर्युक्त के बावजूद, लाइसेंसधारी को अग्रिम अन्तर्वर्ती लाइसेंस/अग्रिम रिलीज आदेश/बैंक टू बैंक अन्तर्देशीय साख पत्र के अधीन मनोनीत अभिकरणों या स्वदेशी आपूर्तिकर्त्ताओं से सामग्री प्राप्त करने से पहले लाइसेंसिंग प्राधिकारी को बैंक गारंटी/विधिक वचनपत्र भी प्रस्तुत करना होगा। सुपर स्टार व्यापार सदन/स्टार व्यापार सदन/व्यापार सदन/निर्यात सदन/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम को परिशिष्ट-17 में दिए गए फार्म में विधिक वचनपत्र प्रस्तुत करना होगा। अन्य निर्यातकों को एक बॉण्ड प्रस्तुत करना होगा जिसके साथ उन्हें मदों, जिन्हें वे प्रत्यक्ष आयात के स्थान पर स्वदेशी रूप से प्राप्त करना चाहते हैं, के लागत बीमा भाड़ा मूल्य का 25% बैंक गारंटी देनी होगी।"

24. पैराग्राफ 118 में टिप्पण (ख) के अंतिम वाक्य को इस प्रकार प्रतिस्थापित किया जायगा :

"डी ई ई सी (आयातों) पर लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा इस आशय का पृष्ठांकन करना होगा कि आयात पूरा होने के तत्काल बाद सीमा शुल्क प्राधिकारी द्वारा इसे रख लिया जाएगा।"

25. पैराग्राफ 120 के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायगा :

"इस योजना के अधीन मंजूर लाइसेंस वास्तविक उपभोक्ता की शर्त के अधीन होगा, जब तक एल यू टी/बी जी को विमोचन नहीं कर दिया जाता। लाइसेंसधारी जोबर सहित किसी भी अन्य विनिर्माता के जरिए सामग्री को प्रोसेस करने के लिए स्वतन्त्र है। किन्तु, इस योजना के अधीन लाइसेंसधारी आयातित मदों और निर्यात दायित्व को पूरा करने के लिए पूर्णतः जिम्मेदार होगा। यदि आवेदक लाइसेंस में किसी विनिर्माता या जोबर का नाम जोड़ने का इच्छुक है तो वह ऐसे पृष्ठांकन के लिए आवेदन कर सकता है। किन्तु ऐसे पृष्ठांकन अनिवार्य होगा जहां अग्रिम लाइसेंस की एक शर्त निर्यात से पहले पूर्व आयात है और लाइसेंसधारी किसी अन्य विनिर्माता या जोबर के जरिए सामग्री को प्रोसेस करने का इच्छुक है। लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा ऐसा पृष्ठांकन करने पर इन्हें सह-लाइसेंसधारी माना जायगा और लाइसेंसधारी का दायित्व अब सह-लाइसेंसधारी का संयुक्त दायित्व हो जायगा। कोई भी सह-लाइसेंसधारी अपने नाम से या संयुक्त नामों से माल का आयात कर सकता है। बी जी/एल यू टी को भी इनके संयुक्त नामों से प्रस्तुत किया जायेगा।"

26. हवाई अड्डों और आई सी डी की सूची में निम्नलिखित को जोड़ा जायेगा, जैसाकि पैराग्राफ 122 के टिप्पण में दिया गया है :

"विमानपत्तन	कोयम्बतूर एयरकार्गो काम्पलैक्स
आई.सी.डी.	पिम्परी (पुणे) : कानपुर, पितमपुर (इंदौर)।"

27. मौजूदा पैराग्राफ 123 को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा :—

लाइसेंस मूल्य में संवर्धन/कटौती

"123. (1) मात्रा पर आधारित लाइसेंस के मामले में संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी (उनकी वित्तीय शक्तियों के अनुसार) लाइसेंस के लागत बीमा भाड़ा मूल्य में संवर्धन/कटौती के आवेदन पर विचार कर सकता है बशर्ते आभार के जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य को भी आनुपातिक आधार पर बढ़ाया/घटाया गया हो तथा निवेश उत्पाद मानदंडों और नीति में कोई परिवर्तन न हो जिसके आधार पर लाइसेंस जारी किया गया था।

(2) संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकार (उनकी वित्तीय शक्तियों के अनुसार) लागत बीमा भाड़ा मूल्य निवेशों की मात्रा, निर्यात आभार के जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य और मात्रा आधारित लाइसेंस के आनुपातिक आधार पर निर्यातों की मात्रा में संवर्धन/कटौती के आवेदन पर विचार कर सकता है बशर्ते कि निवेश-उत्पाद, मूल्य संयोजन मानदंडों और नीति में कोई परिवर्तन न हुआ हो जिसके अनुसार लाइसेंस जारी किया गया था।

28. पैराग्राफ 126 (1) को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा :—

परिशिष्ट 26 में दिए गए फार्म में निर्यातों के बैंक प्रमाण-पत्र अथवा परिशिष्ट-34 में दिए गए फार्म में परियोजना प्राधिकारी से अदायगी प्रमाणपत्र। विदेश में स्थापित गोदामों में खेप आधार पर निर्यातों पर केवल निर्यात लाभों की प्राप्ति होने पर विचार किया जाएगा। ई पी जैड/ई ओ/यू/ई एच आई पी/एस टी पी को आपूर्तियों हेतु अग्रिम अन्तरवर्ती लाइसेंस और विशेष अग्रदाय लाइसेंस के मामले में शुल्क-मुक्त लाइसेंस के धारक या ई ओ यू/ई पी जैड यूनिटों से लाभों की प्राप्ति की बैंक द्वारा पुष्टि करने वाले कागजाती प्रमाण, जैसा भी मामला हो, सामान्य बैंकिंग चैनल के माध्यम से आवश्यक होगा।

29. पैराग्राफ 126 (3) (ख) के बाद दिए उप-पैरा को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा :—

"एल यू टी, डी ई ई सी (आयातों और निर्यातों दोनों हेतु) के मोचन के बाद उसे संबंधित सीमाशुल्क प्राधिकारी के पास रिकार्ड और उपयुक्त कार्रवाई हेतु भेजा जाएगा। कुछ

आयातों जिन्हें पूरा किया जाना है, के मामले में, डी ई ई सी (आयात) को विशिष्ट पृष्ठांकन के साथ लाइसेंस धारक को लौटाया जा सकता है कि आयातों के पूरा होने के तुरन्त बाद संबंधित सीमा शुल्क प्राधिकारी उसे अपने पास रख ले।"

पैराग्राफ-127 (4) को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा :—

"हस्तांतरणीयता के पृष्ठांकन के बाद, डुप्लीकेट लाइसेंस का जारी करना, लागत बीमा भाड़ा मूल्य में वृद्धि अथवा संशोधन पुनः वैधीकरण सहित स्वीकृत नहीं होंगे।"

31. पैराग्राफ 128(क) (4) के बाद निम्नलिखित पैराग्राफ 125(क) 5 के रूप में जोड़ा जाएगा :—

"(5) निर्यातक द्वारा किए गए निर्यात आभार को पूरा करने में असमर्थ होने तथा लाइसेंस के तहत कोई आयात न करने के मामले में, लाइसेंस धारक के पास लाइसेंस को रद्द करवाने और सफेद/हरे शिपिंग बिलों को ड्राबैक शिपिंग बिलों में परिवर्तन हेतु सीमा शुल्क प्राधिकारियों से अनुमति प्राप्त करने के बाद ड्राबैक हेतु आवेदन करने का विकल्प होगा।"

32. मौजूदा पैरा 128ख (2) को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा :—

"निर्यात आभार को पूरा करने में निर्यातक के असमर्थ होने और लाइसेंस के तहत कोई आयात न करने के मामले में लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा तथा सफेद/हरे शिपिंग बिलों से ड्राबैक शिपिंग बिलों में परिवर्तन हेतु सीमा शुल्क प्राधिकारियों से अनुमति प्राप्त करने के बाद निर्यातक ड्राबैक के लिए पात्र होगा। तथापि, यदि मात्रा या मूल्य या दोनों में कमी लागू किए कुल निर्यात आभार के 15% से ज्यादा नहीं है तो मूल्य आधारित अग्रिम लाइसेंस को मात्रा आधारित अग्रिम लाइसेंस में परिवर्तित किए बगैर नियमन के उद्देश्य हेतु मात्रा और/अथवा मूल्य में आनुपातिक कमी के आवेदन पर क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकारी द्वारा विचार किया जा सकता है।"

33. मौजूदा पैरा 130 के बाद निम्नलिखित को पैरा 130क के तौर पर जोड़ा जाएगा :

33क. प्रक्रिया से छूट—130क इस योजना से संबंधित प्रक्रिया की ढील के लिए कोई भी अनुरोध नीति के पैराग्राफ 21 की शर्तों के अनुसार महानिदेशक, विदेश व्यापार को किया जा सकता है, जो अग्रिम लाइसेंसिंग समिति से परामर्श करेंगे और अग्रिम लाइसेंसिंग समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखने के पश्चात् महानिदेशक, विदेश व्यापार ऐसे आदेश या ऐसी ढील दे सकते हैं, जो उचित हो और जिसे आवश्यक समझा जाए ऐसी शर्तें लगाई जा सकती हैं।"

अध्याय 8

34. मौजूदा पैरा-132 को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा :—

"निर्यात लाभों की प्राप्ति के बाद के छह महीनों के भीतर परिशिष्ट-23 में दिए फार्म के अनुसार संबंधित लाइसेंसिंग प्राधिकारी के पास आवेदन किया जा सकता है। उन मामलों में, जहां आंशिक अदायगी की गई है, आंशिक अदायगी करने वाले महीने के बाद के छह महीनों के भीतर प्रतिपूर्ति लाइसेंस हेतु आवेदन किया जा सकता है। शर्त यह है कि प्रत्येक खेप के लिए ऐसे आवेदन दो से अधिक नहीं किए जा सकते हैं। इसके अलावा शर्त यह है कि उक्त खेप के 50% लाभ प्राप्त होने के बाद ही ऐसा पहला आवेदन किया जाएगा। तथापि, उस मामले में जब अदायगी अग्रिम तौर पर प्राप्त की गई है और उसके बाद निर्यात किए गए हों, निर्यात करने वाले महीने के बाद के छह महीनों के भीतर प्रतिपूर्ति लाइसेंस हेतु आवेदन किया जाएगा। निर्धारित समय अवधि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन के साथ परिशिष्ट-24 में दिए गए फार्म के अनुसार (1) निर्यात और प्राप्ति का बैंक प्रमाण पत्र; (2) बीजक की सीमाशुल्क द्वारा प्रमाणित प्रति को संलग्न किया जाएगा।

खंडित लाइसेंसों को जारी करने के संबंध में प्रक्रिया पुस्तक (खंड-1) के पैरा-246 के उप-पैरा (1) से (4) में दी गई प्रक्रिया इस अध्याय में दिए प्रतिपूर्ति लाइसेंसों पर संशोधनों सहित लागू होगी।

35. पैरा 132ख के अंतिम उप-पैरा से पहले निम्नलिखित को उप-पैरा के तौर पर जोड़ा जाएगा :—

"हीरा साख पुस्तिका को बंद करते समय, निर्यातक परिशिष्ट-2 के अनुसार हीरा साख पुस्तिका की वैधता के दौरान प्राप्त की गई ऋण सीमा के लिए उपयुक्त आवेदन शुल्क अदा करेगा।"

36. मौजूदा पैरा 138-क के बाद निम्नलिखित नया पैरा—138ख जोड़ा जायेगा :—

138 ख : निर्यात आभार को पूरा करने के समर्थन में कागजात निर्यात आभार अवधि की समाप्ति की तारीख से एक महीने की अवधि के भीतर लाइसेंसिंग प्राधिकारी के पास जमा कराने होंगे।

पैरा—144 को हटा दिया जायेगा।

38. मौजूदा पैरा 150(17) के बाद निम्नलिखित को पैरा 150(18) के तौर पर जोड़ा जायेगा :

"निर्यात केवल हवाई भाड़े और बम्बई, कलकत्ता, मद्रास, जयपुर, बंगलौर और कोचिन के सीमा शुल्क सदनों के माध्यम से अनुमित होंगे।"

39. मौजूदा पैरा 152(6) के बाद निम्नलिखित को पैरा 152(7) के तौर पर जोड़ा जायेगा :—

"निर्यात केवल हवाई भाड़े और बम्बई, कलकत्ता, मद्रास, दिल्ली, जयपुर, बंगलौर और कोच्चिन के सीमा शुल्क सदनों के माध्यम से विदेशी डाकघर द्वारा स्वीकृत होगा।"

40. मौजूदा पैरा 154(6) के बाद निम्नलिखित को पैरा 154(7) के तौर पर जोड़ा जायेगा :—

सीमा शुल्क प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ई पी जैड/ई ओ यू में यूनिटों से भारत सरकार टकसाल को स्वर्ण का स्क्रैप/डस्ट/स्वीपिंग भेजा जा सकता है और ई पी जैड/ई ओ यू को मानक स्वर्ण छड़ें दी जा सकती हैं।

अध्याय 9

41. पैराग्राफ 188 के अंत में निम्नलिखित वाक्य को जोड़ा जायेगा :—

"पालन हेतु प्रक्रिया और केन्द्रीय बिक्री कर की प्रतिपूर्ति के लिये आवेदन का प्रपत्र परिशिष्ट 34ग में दिया गया है। [परिशिष्ट 34-ग को इस सार्वजनिक सूचना के साथ (अनुलग्नक-1) जोड़ दिया गया है]

अध्याय 10

42. पैराग्राफ 196 निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा :

नीति के पैरा 121 के अन्तर्गत आपूर्ति की कतिपय श्रेणियों को अभिग्रहीत निर्यात वर्गीकृत किया गया है। पैरा 121 (ग), (ङ), (च), (ज) और (झ) की श्रेणियों को विशेष अग्रदाय लाइसेंस सहित पैराग्राफ 122 के अधीन उपर्युक्त लाभ दिये जायेंगे। पैरा 121 की श्रेणी (क) के मामले में नीति के पैराग्राफ 55, 64 एवं 64(क) में दिये अनुसार अग्रिम रिलीज आदेश/बैंक टू बैंक अन्तर्देशीय साख पत्र/अग्रिम मध्यवर्ती लाइसेंस को अभिग्रहीत निर्यात का लाभ दिया जाएगा। देशज आपूर्ति कर्ता को जारी किये गये अग्रिम रिलीज आदेश/बैंक टू बैंक अन्तर्देशी साख पत्र के आधार पर पैराग्राफ 122(ख), (ग) और (घ) के अधीन देशज आपूर्तिकर्ता को लाभ दिये जायेंगे। तथापि देशी आपूर्तिकर्ता को पैराग्राफ 122(घ) के अधीन विशेष आयात लाइसेंस के लाभ केवल अग्रिम मध्यवर्ती लाइसेंस के मामले में ही दिये जायेंगे। पैरा 121(घ) में दी निर्यात संवर्धन पूंजीगत माल स्कीम के अन्तर्गत लाइसेंस धारक के पंजीगत माल की आपूर्ति से पैरा 122(ग) और (घ) के अन्तर्गत प्राप्त लाभ ही प्राप्त होंगे। देशज आपूर्ति के तथ्य के स्थापित करने के लिये लाइसेंसिंग प्राधिकारी या संबद्ध बैंक जैसा भी मामला हो द्वारा संबद्ध आयात लाइसेंसों को ठीक प्रकार से संशोधित अथवा आशायित करके अग्रिम प्रेषण आदेश (ए आर ओ)/बैंक टू बैंक अन्तर्देशीय साख पत्र अग्रिम मध्यवर्ती लाइसेंस जारी किये जायेंगे। सभी मामलों में आपूर्तियां नामित परियोजनाओं/अभिकरणों/यूनिटों/शुल्कमुक्त लाइसेंस धारकों को सीधे ही की जायेंगी।

42. पैराग्राफ 197 का "हाशिया शीर्ष निम्न द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा—

"अग्रिम रिलीज आदेश/बैंक टू बैंक अन्तर्देशीय साख पत्र जारी करने की प्रक्रिया"

43. मौजूदा पैराग्राफ 197 को पुनः "197(1)" संख्यांकित किया जायेगा।

44. "197(2)" के रूप में नए उप पैराग्राफ निम्न अनुसार जोड़ा जायेगा :—

"(2) बैंक टू बैंक अन्तर्देशीय साख पत्र जारी करने की प्रक्रिया नीचे दी गई है :

(क) शुल्क मुक्त लाइसेंस धारक (अंतरिती सहित) स्वदेशी आपूर्तिकर्ता के पक्ष में अन्तर्देशीय साख पत्र खोलने के लिये बैंक में आवेदन कर सकता है। साख पत्र खोलने से पूर्व, बैंक यह सुनिश्चित करेगा कि शुल्क मुक्त लाइसेंस धारक (अंतरिती के अतिरिक्त) द्वारा आवश्यक विधिक वचनपत्र/बैंक गारन्टी निष्पादित कर दी गई है और लाइसेंस पर आवश्यक पृष्ठांकन उपलब्ध है।

(ख) बैंक-टू-बैंक साख पत्र की सुविधा केवल उन मामलों में उपलब्ध होगी जहां लाइसेंस में शामिल एक या अधिक मदों के पक्ष में कुल मात्रा, लाइसेंस धारक द्वारा देशीय स्रोतों से अर्जित की गई हो।

(ग) अनुरोध प्राप्त होने पर, संबंधित बैंक इस प्रयोजन के लिये पूर्व निर्धारित मूल्य के साथ संबंधित मद की कुल मात्रा के प्रत्यक्ष आयात के लिये लाइसेंस अवैध कर देगा और इस पुस्तक के पैराग्राफ 116क के अनुसार आवश्यक पृष्ठांकन करेगा।

(घ) यह सुविधा, लाइसेंस के अन्तर्गत आयात की किसी भी एक मद के पक्ष में एक बैंक और एक शाखा में साख-पत्र खोलने के कार्य के लिये उपलब्ध होगी। लेकिन मद की पूरी मात्रा एवं मूल्य उसी शाखा एवं बैंक से परिचालित करनी होगी। तथापि, उसी लाइसेंस में किसी अन्य मद के लिये लाइसेंस धारक किसी भी शाखा या बैंक में उपरोक्त साख-पत्र खोल

सकता है, बशर्ते कि प्रत्येक मद की पूरी मात्रा एवं मूल्य को उसी शाखा और बैंक में परिचालित करना होगा। लाइसेंस धारक अपनी सुविधानुसार किन्हीं में भी साख-पत्र खोल सकता है, बशर्ते कि लाइसेंस धारक उसी शाखा या बैंक में किसी एक मद की पूर्ण मात्रा और मूल्य का लाभ दिया गया हो। इस पुस्तक के पैराग्राफ 116क के निर्देशानुसार लाइसेंस स्वदेशी स्रोत से प्राप्त मद की पूर्ण मात्रा और मूल्य के संबंध में केवल प्रत्यक्ष आयात के लिये बैंक द्वारा अवैध कर दिया जायेगा।

(ङ) मूल साख-पत्र मोलतोल के लिये बैंक द्वारा प्रतिभूत किया जा सकता है और केवल मोलतोल न किये जाने वाले साख-पत्र की प्रति स्वदेशी आपूर्तिकर्ता को दी जा सकती है। स्वदेशी आपूर्तिकर्ता अभिग्रहीत निर्यातों के लिये उनके दावे को प्रस्तुत करते समय केवल मोल तोल न किये जाने वाले साख पत्र की प्रति प्रस्तुत करेगा।

45. उप पैरा 202क(1) के अन्त में निम्नलिखित जोड़ा जायेगा :—

"ई एच टी पी/एस टी पी को ऐसी आपूर्तियां करने के के बारे में संबंधित क्षेत्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकारी को आवेदन किया जायेगा

46. पैराग्राफ 202क(1)(ख)(3) को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा :—

"(3) संबंधित विकास आयुक्त द्वारा जारी ए आर ओ/आगे पीछे अन्तर्देशीय साख-पत्र/अधिकार पत्र की प्रति जिस पर इस आशय का पृष्ठांकन हो कि आपूर्ति प्राप्त हो गई है।

47. पैराग्राफ 205 के अंतिम वाक्य को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा :

"रसायन और विशेष सामग्री, उपकरण और प्रौद्योगिकियों के दोहरे प्रयोजन के निर्यात के लिए आवेदन पर एक विशेष उच्च अधिकार प्राप्त समिति द्वारा विचार किया जाएगा जैसा कि सार्वजनिक सूचना सं. 68 दिनांक 31-3-95, यथा संशोधित, में निर्दिष्ट किया गया है जिसमें परिशिष्ट 38 और परिशिष्ट 38—क में क्रमश: अतिरिक्त सूचना प्रदान करने के बारे में निर्दिष्ट किया गया है" (इस सार्वजनिक सूचना के साथ परिशिष्ट 38-क अनुलग्नक-2 के रूप में जोड़ा गया है)।

48. पैरा—207 के प्रथम वाक्य को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा :—

"सार्वजनिक सूचना संख्या—15 दिनांक 31-3-95 में विनिर्दिष्ट अनुसार नमूनों और प्रदर्शों के निर्यात हेतु महानिदेशक, विदेश व्यापार को आवेदन किया जा सकता है जो आवेदन पर गुण-दोष के आधार पर विचार करके लाइसेंस जारी कर सकते हैं।"

49. पैरा—209 ख में निम्नलिखित को शामिल किया जाएगा :—

(क) पैराग्राफ 209ख(2) के अन्त में निम्नलिखित को जोड़ा जाएगा :—

"(3) परिशिष्ट—24 में लिखे अनुसार निर्यातों का बैंक प्रमाण पत्र।

(4) आर सी एम सी की अनुप्रमाणित प्रति;"

(ख) पैरा 209 ख का अंतिम वाक्य निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा :—

"तथापि, ऐसे मामलों में निम्नलिखित मदों के आयात हेतु लाइसेंसों को पृष्ठांकित करने की अनुमति होगी" :—

1. 20" और 21" आकार की रंगीन टी वी पिक्चर ट्यूबों, यानी, केथोड रे ट्यूबों, उनकी सब-एसेम्बली और एसेम्बली जिसमें रंगीन टी वी पिक्चर ट्यूब अपवाद स्वरूप 21" फ्लैट और फुल स्क्वायर (एफ और एफ एस टी) रंगीन टी वी पिक्चर ट्यूबों और उनकी सब-एसेम्बली।

2. कम्प्यूटर सिस्टम जिसमें पर्सनल कम्प्यूटर, लागत बीमा भाड़ा मूल्य रु. 1.50 लाख से कम या की बोर्ड और मानीटर्स, प्रत्येक का लागत बीमा भाड़ा मूल्य रु. 7,500/- से कम शामिल हैं। इस उद्देश्य हेतु, कम्प्यूटर सिस्टम में एक की बोर्ड और मानीटर और इन-बिल्ट पेरीफिरल्स शामिल हैं, लेकिन पेरीफिरल्स पर कोई अन्य योग छोड़कर।

3. पॉपुलेटेड, लोडेड या स्टफ्ड प्रिंटेड सर्किट बोर्ड, क्वार्टज घड़ियों में इस्तेमाल होने वाले इलैक्ट्रानिक सर्कट बोर्डों को छोड़कर।

50. पैराग्राफ 226(क) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा :—

"नीति के पैराग्राफ 153 के उपबन्धों के अनुसार, निर्माताओं ने आई.एस.ओ. 9000 (सीरीज) अथवा आई एस/आई एस ओ 9000 (सीरीज) की गुणवत्ता स्तर को प्राप्त कर लिया है, वे विशेष आयात लाइसेंस पाने के पात्र होंगे। उनकी पात्रता का हिसाब, पिछले लाइसेंसिंग वर्ष के दौरान उपर्युक्त गुणवत्ता प्रमाणपत्र के अनुसार तैयार उत्पाद के निर्यात (लेकिन इसमें अभिग्रहीत निर्यात शामिल नहीं है) के पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य पर दो प्रतिशत के दर से लगाया जायेगा। जिन उत्पादकों/संसाधकों (प्रोसेसरों) के गुणवत्ता का वैसा ही अन्तरराष्ट्रीय मान्यताप्राप्त अन्य प्रमाणपत्र प्राप्त कर लिया है जैसा केन्द्र सरकार द्वारा नीति के पैराग्राफ 153 के उपबन्धों के अनुसार अधिसूचित कर दिया है, वे भी विशेष आयात

लाइसेंस पाने के पात्र होंगे। उनकी पात्रता उक्त अधिसूचना में विनिर्दिष्ट उन दरों पर होगी जो पिछले लाइसेंसिंग वर्ष के दौरान उक्त गणवत्ता प्रमाणपत्र के अनुसार किये गये निर्यात (लेकिन इसमें अभिग्रहीत निर्यात शामिल नहीं है) के पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 2 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

अध्याय 15

51. पैराग्राफ 231 के दूसरे उपपैरा को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा:

"तथापि, ए सी यू देशों को निर्यात करने के लिए जारी शुल्क मुक्त लाइसेंसों पर निर्यात आभार का मूल्य ए सी यू डालरों में आंका एवं अदा किया जाएगा। अग्रिम मध्यवर्ती लाइसेंस एवं विशेष अग्रदाय लाइसेंस के तहत निर्यात आभार, जहां आपूर्ति देश के भीतर ही की गई है, भारतीय रुपयों में ही गिना जाएगा तथा निर्यात आभार का निष्पादन भी भारतीय रुपयों में ही किया जाएगा जिसमें भारतीय रुपयों में आयात के वास्तविक मूल्य को ध्यान में न रखते हुए लाइसेंस पर निर्दिष्ट लागत बीमा भाड़ा मूल्य की गणना भी भारतीय रुपयों में की जाएगी।"

52. पैराग्राफ 233 के तीसरे वाक्य में दर्शाए अंक और चिह्न "10%" को अंक और चिह्न "20%" द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा।

53. पैराग्राफ 258 के अन्त में "(ज)" और "(झ)" के रूप में निम्नलिखित जोड़ा जायेगा :—

(ज)	विशेष आयात लाइसेंस (मुक्त रूप से अन्तरणीय)	7 दिन
(झ)	मानक निवेश उत्पादन मानदण्ड का नियतन	60 दिन

परिशिष्ट—2

54 क्र.सं 4 की मौजूदा प्रविष्टि को निम्नलिखित से प्रतिस्थापित किया जायेगा—

'पास बुक और डायमंड क्रेडिट बुक सहित डुप्लीकेट लाइसेंस प्रदान करने हेतु आवेदन'

परिशिष्ट—6

55. परिशिष्ट-6 में जहां कहीं भी शब्द 'लाइसेंस' आया है उसके बाद शब्दों "/पासबुक/डायमंड क्रेडिट बुक" को जोड़ा जाएगा।

परिशिष्ट—11-क

56. परिशिष्ट 11-क में मौजूदा प्रविष्टि संख्या-20 के बाद निम्नलिखित नए नामों को जोड़ा जाएगा:—

"21. मैसर्स मैटालर्जिकल एण्ड इंजीनियरिंग कंसलटेंटस (इंडिया) लि.,
रांची-834002,
बिहार
भारत
टेलीफोन: 0651-501002/501216
टेलेक्स: 0625-262 मेकन इन
फैक्स: (91)-651-502214/502189

22. मैसर्स शिन निहौन केंटेई क्योकई
केइक्यू नं. 2, बिल्डिंग, [illegible]
तकानावा 3-कोम,
मिनाटो-कू,
टोक्यो 108,
जापान
टैलेक्स: 2423486 केंटेई जे
फैक्स: 81-3-3449-2814

23. मैसर्स जापान क्वालिटी एश्योरेंस आर्गेनाइजेशन
(निहौन हिंशित्सु होशो किको)
1-9-15, अकास्का, मिनोटो-कु.
टोक्यो 107
जापान
टेलीफोन: -81-3-3583-9001
फैक्स: - 81-3-3583-9002

24. मैसर्स निप्पोन केइजी केंतेई
क्योकई, 9-7-1 कोम,
हैचो बोरी, छूकू,
टोक्यो,
जापान

परिशिष्ट-11क के क्रमांक-20 पर "मैसर्स लायड रजिस्टर इंडस्ट्रियल सर्विसेज का नाम पते सहित हटा दिया जाएगा।

परिशिष्ट-15

57. परिशिष्ट-15-उपाबन्ध (2) पर दिए मौजूदा प्रमाणन के स्थान पर चार्टरित एकाउंटेंट/कास्ट और वर्क्स एकाउंटेंट द्वारा प्रमाणन को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा:—

"यह प्रमाणित किया जाता है कि हमने उपरोक्त निर्यातक की एकाउंटेंट बुकों की जांच कर ली है और किए गए और अभिग्रहीत दोनों निर्यात के बारे में ऊपर दिए ब्यौरे सही हैं। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि जो ई पी सी जी लाइसेंस संख्या और दिनांक क्रमांक (ख), में निहीत सभी शिपिंग बिल मेरे/हमारे द्वारा सत्यापित किए गए हैं"।

परिशिष्ट 17-ग

58. 1. पास बुक के पहले पृष्ठ के पैरा-2 में "बशर्ते कि शुल्क मुक्त स्कीम के तहत लागू अनुसार आयातों की निषेधात्मक सूची अथवा संवेदनशील मदों में ये मदें शामिल न हों" को हटा दिया जाएगा।

2. पास बुक के पहले पृष्ठ के पैरा-2 में "निर्यात आयात नीति/प्रक्रियाएं" से पहले "और जैसा प्रावधान हो" को जोड़ दिया जाएगा।

"पास बुक को संचालित करने हेतु अनुदेशों" में निम्नलिखित को जोड़ दिया जाएगा :—

(क) अभिव्यक्ति "भाग-क" "भाग-ख" "भाग-ग" और "भाग-घ" जहां कहीं भी उल्लिखित हों संशोधित करके क्रमश: "भाग-2(क), भाग-2(ख), भाग-2(ग) और भाग-2(घ)" पढ़ा जाएगा।

(ख) पैरा-4 में कालम संख्या-10, 11 और 12 को संशोधित करके कालम संख्या-11, 12 और 13 पढ़ा जाएगा।

(ग) पैरा-6 में, तीसरे वाक्य को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा :—

"निकासी प्रविष्टियों हेतु निर्यातक को कालम संख्या 1 से 10 की जांच करने के बाद कालम संख्या 11 से 16 में सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा विधिवत पृष्ठांकित प्रविष्टियों के बिल सहित परिशिष्ट-17-ग में भाग-2(ग) (यथा संशोधित) के अनुसार प्रोफार्मा में विवरण देना देना होगा।

(घ) भाग-2(ख) के कालम संख्या-9 को संशोधित करके "मूल सीमाशुल्क की दर" पढ़ा जाएगा।

(ङ) भाग 2 (घ) में, कालम (1) में, शब्द और आंकड़े "कालम 9" को संशोधित करके "कालम 13" पढ़ा जाएगा।

(च) भाग 2(घ) में, कालम (2) में, शब्द और आंकड़े "कालम 8" को संशोधित करके "कालम 13" पढ़ा जाएगा।

परिशिष्ट 18

59. परिशिष्ट 18 में प्रमाण पत्र के प्रारम्भिक पैराग्राफ इस प्रकार प्रतिस्थापित किया जाएगा :—

"परियोजना अधिकारी प्रमाणपत्र जारी करने के लिए मुझे ························· (नाम और पदनाम) विधिवत प्राधिकृत किया गया है। मैं एतद्द्वारा यह प्रमाणित करता हूं कि—

मैं ····························· को क्रयादेश सं. ················ तारीख ······· के विरुद्ध नीचे उल्लिखित मूल्य, मात्रा और विवरण की वस्तुओं की आपूर्ति करने के लिए ठेका मिला है जिसका कुल मूल्य ··················· रु. (शब्दों में ························) है।

60. परिशिष्ट 18 में दिए गए परियोजना अधिकारी प्रमाणपत्र के नीचे उप-पैराग्राफ के रूप में निम्नलिखित को जोड़ा जाएगा :

"तथापि, ई ओ यू/ई पी जैड/ई एच टी पी/एस टी पी को जाने वाली आपूर्तियों के मामले में प्रमाणपत्र पर ई ओ यू/ई पी जैड/ई एच ई पी/एस टी पी के प्राधिकृत हस्ताक्षर कर्ताओं द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे।"

61. परिशिष्ट 18 में, पैरा ग्राफ 2 के बाद दी गई टिप्पणी "10 केवल पैरा 1(ख), (ग) और (घ) पर ठेके से है" को इस प्रकार प्रतिस्थापित किया जायेगा : "X केवल पैरा 1 (क), (ख) और (घ) पर ठेके से संबद्ध है"

62. परिशिष्ट 18 के टिप्पण में मौजूदा क्र.सं. (4) के बाद निम्नलिखित को जोड़ा जायेगा :

"ई ओ यू/ई पी जैड/एककों को आपूर्ति करने के मामले में, प्रमाणपत्र पर एकक के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षर किये जायेंगे।"

परिशिष्ट 22

63. परिशिष्ट 22 में, क्र.सं. 9 को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा :

"9. क्या सरकार के किसी अभिकरण
द्वारा कारण बताओ नोटिस,
जब्ती आदेश, या भुगतान करने
की मांग आदि के रूप में कोई
निर्णयादेश/प्रवर्तन कार्रवाई प्रारम्भ
की गई है ;"

64. परिशिष्ट 24 में लिखे गए टिप्पण 2 को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जायेगा .

परिशिष्ट 24

65. "2. पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य की वास्तविक प्राप्ति और निर्यात आय की प्राप्ति की तारीख को केवल निर्यात-आयात नीति/प्रक्रिया पुस्तक के अध्याय 8 के अधीन किये गये निर्यात के मामले में दिया जायेगा। ऐसा करना नीति/प्रक्रिया के अध्याय 7 के अधीन भी जरूरी है जहां विदेश में स्थापित गोदामों को खप के आधार पर निर्यात किया गया है।

परिशिष्ट 25–क

66. निम्नलिखित डायमंड क्रेडिट बुक के भाग 2(ग) के पिछले पृष्ठ पर दिये गये फार्म को भरेगा:

बैंक द्वारा भरा जायेगा

सौदे की तारीख	सौदे का विवरण	साखपत्र खुले हुए या साख-पत्र के अधीन न दिये गये बिलों के बराबर रुपया	वास्तविक प्रेषण के बराबर रुपया	बैंक की मोहर और हस्ताक्षर

परिशिष्ट—35

67. परिशिष्ट 35 का वर्तमान शीर्षक और उसमें आने वाली मदों की सूची निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित होगी :—

विशेष आयात लाइसेंस मदें

प्रक्रिया-पुस्तक (खण्ड–1) के संगत अध्यायों के साथ पठित निर्यात एवं आयात नीति, 1992—97 के पैराग्राफ 108, 122, 142 और 153 के अधीन जारी मुक्त रूप से हस्तांतरणीय विशेष आयात लाइसेंस (एस आई एल) के मद्दे आयात के लिए अनुमेय मदें आई टी सी (एच एस) निर्यात एवं आयात मदों का वर्गीकरण नामक पुस्तक के कालम 3 से 5 में उल्लिखित है जोकि विदेश व्यापार महानिदेशक द्वारा समय-समय पर यथासंशोधित रूप में प्रकाशित एवं संशोधित की गई है।

परिशिष्ट 42क

68. वर्तमान प्रविष्ट सं. 28 के बाद निम्नलिखित नई प्रविष्टि जोड़ी जाएगी :–

29	विद्युत्करघा विकास एवं निर्यात संवर्धन परिषद् (पी डी ई एक्सपी सी आई एल)	सिविल कोर्ट, "बी" विंग, चौथातल, महाकवि भूषण मार्ग, रीगल के पीछे, कोलाबा, मुम्बई-400039 दूरभाष–202 722

परिशिष्ट 43 (छ)

69. परिशिष्ट 43 (छ) में दी गई सार्वजनिक सूचना 274 (पी एन)/ 92—97 दिनांक 23-2-1995 की प्रविष्टि सं. (छ) में दी गई आयातकों की श्रेणी :—

"(छ) इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी (आई जी आर यू ए) और ऐसी ही उड़ान क्लब्स/अकादमी जो नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हो"

परिशिष्ट 43–ज

70. 1. परिशिष्ट 43–ज के पैराग्राफ 2 और 3 निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा :—

2. महानिदेश, विदेश व्यापार एतद्द्वारा पौध, पौधभरों और उनके व्युत्पन्नों तथा वन्य में प्राप्त सान्द्रण के निर्यात का निषेध निम्नानुसार करते हैं :—

1. एकोनित्य इस्पेसीज।
2. अद्रोपा इस्पेसीज।
3. एरिस्टोलोचिआ इस्पेलीज।
4. एन्मियोपटेरीज इस्पेलीज।
5. अरूना डिनाटिआ इस्पेलीज।
6. ब्लानोफोरा इस्पेलीज।
7. कोलचिकम लुटेराम (हिरन तुतया)
8. कोमीफोरा विघटी।
9. कोप्तिस इस्पेलीज।
10. ड्रोसेरा इस्पेलीज।
11. जेन्टियाना कुरू (कुरू, कुटकी)।
12. ग्लोरिओसा सुपर्बा।
13. जिनेटम इस्पेलीज।
14. इफिगनिआ इन्डिका।
15. मेकोनोपसिस बेटोनी सिफोलिया।
16. नरडोस टेपीज इस्पेलीज (जटामासी)।
17. ओस्मुण्डा इस्पेलीज।
18. रोडोड्रेन ड्रोन इस्पेलीज।
19. फ्री सोचलना प्रेल्टा (बजरबंग)
20. प्रेलटिआ सरपुमलिआ।
21. रेअम इमोडी (डोलू)।
22. बेरबेरिस एरिसटाटा (इण्डियन बारबेरी; रसवट)।
23. एकोटल इस्पेलीज।
24. अर्टे मीसिआ इस्पेलीज।
25. कोलकीनियम फेनेस ट्रेटम (केलम्बा वुड)।
26. कोसटस इसपेसिआसस (केयू, कस्त)।
27. डिडी मोकारपस पेडिसेलाता।
28. डोलोमिए पेडिसेलाना।
29. इफेड्रा स्पेलीज।
30. गारनोकार्डिआ ओडोटेटा (चोल मोग्री)।
31. हिडनो कारपस इस्पेलीज।
32. हिओस सीमस नाइजर (ओस बई)

33. स्ट्रिकनोस फोटेटोरम (निरमली)।

34. सवरटिश्रा चिराटा (चरायातह्)।

35. उरजीनिश्रा इस्पेलीज।

36. वेडोमल सिकार्ड (सीकम वेडामी)।

37. ब्लू वेन्डा (वेनड़े ग्रोरुलिश्रा)।

38. कच (सोसूरिश्रा लप्पा)। ..

39. लेडीज स्लीपर ग्रोचिड (पफिग्रो पेडीलियम इस्पेलीज)।

40. पियर प्लान्ट (नेपेनथील खासी ग्राना)।

41. रेड वेन्डा (रेननथेरा इमसचूटि ग्राना)।

42. रोवोलीपिग्रा सर्पेनटिना (सरपा गन्धा)।

43. सेरोपेजिश्रा इस्पेलीज।

44. फ्रेटिग्रा इण्डिका (शिन्डल मन कुन्डी)।

45. ग्ररोकाटिश्रा ग्ररोकाना (मंकी-पजल ट्री)।

46. पोडोफीलम हेक्सेनड्रम (इमोडी) (इण्डियन पोडो फिलम)।

47. केकटे सिश्रा इस्पेलीज (केकटस)।

48. सयाथेसी इस्पेलीज (ट्री फनर्स)।

49. सीसाडेली इस्पेलीज (सीकेडस)।

50. डिग्रोस कोटिग्रा डेलटो इडिग्रा (एलिफेन्टस फुट)।

51. यूफोरबिश्रा इस्पेलीज (यूफोर्बि मासा)।

52. ग्रलो इस्पेलीज (ग्रलोस)।

53. ग्रोरचिडासी इस्पेलीज (ग्रोरचिड्स)।

54. पिटरोकार्पस सेन्टालिनल (रेड सेन्डर्स)।

55. टेक्सल वाल्लि चि ग्राना (कामन ये या विर्मीलीक्स)।

56. एकीलेरिग्रा मेला सेन्सिस (ग्रमर वुड)।

3. उपर्युक्त इस्पेसीज की कल्टीवेटिड वेराइटियों के पौध ग्रंशों, व्युत्पन्नों ग्रौर सान्द्रण (मूल्य वर्धन हर्बल फार्मूलेशन सहित) (क्रम सं. 54 को छोड़कर) का निर्यात क्षेत्रीय उप निदेशक (वन्यजीव) या मुख्य वन संरक्षक या सम्बन्धित राज्य के ग्रंश प्राप्त किए गए हैं, से कल्टीवेशन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ग्रनुमेय होगा। तथापि, साइट्स के परिशिष्ट 1 (उपर्युक्त पैरा 2 की क्रम सं. 42 से 56) में ग्राने वाली इस्पेलीज कल्टीवेटिड प्रकारों के सम्बन्ध में निर्यात के लिए साइट्स प्रमाण पत्र की भी ग्रावश्यकता है।

4. निर्यात की केवल 6 प्रमुख पत्तनों ग्रर्थात बम्बई, कलकत्ता, कोचीन, दिल्ली, मद्रास ग्रौर टूटी कोरिन से ग्रनुमति होगी।

परिणामस्वरूप सार्वजनिक सूचना पत्र दिनांक 30-3-1994 में वर्तमान पैराग्राफ 3 को 5 के रूप में पुनः संख्यांकित किया जाएगा।

71. परिशिष्ट 43-क्ष में सार्वजनिक सूचना 15 दिनांक 31-3-93 के ग्रनुलग्नक की क्रम संख्या 5 में ग्राने वाली प्रविष्टि को हटा दिया जाएगा।

72. परिशिष्ट 43—क्ष में सार्वजनिक सूचना 15 दिनांक 31-3-93 के ग्रनुलग्नक की क्रम सं. 26 पर कालम 2 में दिया गया मद का विवरण निम्नानुसार संशोधित किया जाएगा :—

26. प्याज के बीजों के ग्रलावा सभी प्रकार के पेड़ों (सभी जंगली जातियों के बीजों को छोड़कर) झाड़ियों, सजावटी पौधों ग्रौर फूलों तथा सब्जियों के बीज।

उक्त प्रविष्टि के कालम 3 में दी गई शर्तों में कोई परिवर्तन नहीं है।

73. परिशिष्ट 43—क्ष में सार्वजनिक सूचना 15 दिनांक 31-3-93 के ग्रनुलग्नक की क्रम सं. 36 पर ग्राने वाली प्रविष्टि निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित की जाएगी :

"36. यथा संशोधित सार्वजनिक सूचना पत्र दिनांक 30-3-94 में न ग्राने वाले पौधे ग्रौर पौध ग्रंश जो वन्य से प्राप्त है ग्रौर उनके कल्टीवेटिड प्रकार, सान्द्रण ग्रौर व्युत्पन्न को छोड़कर, ऐसे पौधों के मूल्य वर्धित हर्बल फार्मूलेशनस सहित, जिन पर यह शर्ते लागू नहीं होंगी।	"(1) वन्य से प्राप्त पौधों ग्रौर पौध ग्रंशों का निर्यात क्षेत्रीय उपनिदेशक (वन्य-जीव) या मुख्य वन संरक्षक या सम्बन्धित क्षेत्रीय वन ग्रधिकारी से विधिक मुख्तारी प्रमाण पत्र (एल पी सी) प्रस्तुत करना पड़ेगा जहां से यह पौधे ग्रौर पौध ग्रंश प्राप्त किए गए हैं। (2) कल्टीवेटिड वेराइटीज के पौधों ग्रौर पौध ग्रंशों का निर्यात की उपर्युक्त प्राधिकृत ग्रधिकारियों से कल्टीवेशन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ग्रनुमति होगी। (3) निर्यात की ग्रनुमति केवल 6 प्रमुख पत्तनों ग्रर्थात् बम्बई, कलकत्ता, कोचीन, दिल्ली, मद्रास या टूटीकोरिन से होगी।

परिशिष्ट 43—ठ

74. परिशिष्ट 43—ठ में निम्नानुसार एक नया पैराग्राफ 3 जोड़ा जाएगा :

3 ऊपर यथा विनिर्दिष्ट मदों के निर्यात की ग्रनुमति केवल दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता ग्रौर मद्रास पत्तनों से होगी।

परिणामस्वरूप परिशिष्ट 43-ठ में वर्तमान पैरा 3 का 4 के रूप में पुनः संख्यांकित किया जाएगा ।

परिशिष्ट 43—5

75 सार्वजनिक सूचना सं. 82 दिनांक 25 मार्च, 1996 को पुनः प्रस्तुत करने वाला एक नया परिशिष्ट 43—5, पदार्थों पर मान्ट्रीयल प्रोटोकाल के अनुलग्नक क और ख में रसायनों को विनिर्दिष्ट करते हुए शामिल किया गया है जो ओजोन परत को नुकसान पहुंचाते हैं, जोड़ी जाएगी। (परिशिष्ट 43—5) (अनुलग्नक 3) इस सार्वजनिक सूचना के साथ संलग्न है)।

परिशिष्ट 48

76.1. परिशिष्ट 48 की शीर्ष में आने वाले "आयुर्वेदिक और यूनानी औषधियों" शब्दों को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा :—

"आयुर्वेदिक, यूनानी या चिकित्सा की कोई अन्य पद्धति"

77. 2. क्रम सं. 56 में दी गई "ब्लैक क्युमिन मद विवरण निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा :—

"56. ब्लैक क्यूमिन (काला जीरा/स्याह जीरा)	करुमकरवी या करुम बुलबोकास्टानम

उपर्युक्त संशोधन प्रक्रिया-पुस्तक (खण्ड-1), (1992-97) (संशोधित संस्करण : मार्च, 1996 के भाग होंगे)

इसे लोकहित में जारी किया जाता है।

ह.

श्यामल घोष, महानिदेशक, विदेश व्यापार

परिशिष्ट-34-ग अनुलग्नक 1

घरेलू टैरिफ क्षेत्र (डी टी ए) से निर्यात संसाधन क्षेत्रों/मुक्त व्यापार क्षेत्र में यूनिटों और निर्यात उन्मुख क्षेत्रों को की गई आपूर्तियों पर केन्द्रीय बिक्री कर की प्रतिपूर्ति करने हेतु अपनाई जाने वाली प्रक्रियाएं ।

टिप्पणी :—कृपया नीति का पैराग्राफ 106 और प्रक्रिया पुस्तक का पैरा 188 देखें ।

घरेलू टैरिफ क्षेत्र से ई ओ यू/ई पी जेड/एफ टी जेड यूनिटों द्वारा की गई खरीदों पर उनके द्वारा अदा किए गए सी एस टी की प्रतिपूर्ति को संचालित करने वाली प्रक्रियाओं के संशोधन हेतु सुझावों पर सरकार विचार कर रही है । उचित विचार करने के बाद यह निर्णय किया गया है कि इस संबंध में वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आदेश संख्या 1-9-86 ई पी दि. 27-7-1987 और संख्या 10-3-86-ई पी जेड दिनांक 4-11-1986 (यथासंशोधित) के अधिक्रमण में निम्नलिखित आधार पर प्रक्रिया को संशोधित किया जाता है ।

2. निर्यात उन्मुख यूनिटें (ई ओ यू) और निर्यात संसाधन क्षेत्रों (ई पी जेड) और मुक्त व्यापार क्षेत्र (एफ टी जेड) में यूनिटें निम्नलिखित शर्तों पर, निर्यात उत्पादन हेतु उपयोग के लिए, घरेलू टैरिफ क्षेत्र से उनके द्वारा की गई खरीदों पर बाजार विकास सहायता (एम डी ए) के धन से, केन्द्रीय बिक्री कर पर उनके द्वारा की गई अदायगी की पूर्ण प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगी ।

(1) डी टी ए से ई ओ यू/ई पी जेड/एफ टी जेड यूनिटों को की गई आपूर्तियां निर्यात उत्पादन के लिए उपयोग के लिए और/अथवा निर्यात के लिए वस्तुओं के उत्पादन हेतु आवश्यक तौर पर उपयोग की जानी चाहिए जिनमें कच्चा माल, संघटक, उपभोज्य पैकिंग सामग्रियों, पूंजीगत माल, पुर्जे मैटीरियल, हैंडलिंग उपस्कर आदि शामिल है जिन पर ई ओ यू/ई पी जेड/एफ टी जेड यूनिटों द्वारा वास्तव में केन्द्रीय बिक्री कर अदा किया गया है ।

(2) केन्द्रीय बिक्री कर की प्रतिपूर्ति हेतु आवेदन पर विचार करते समय विकास आयुक्त, इसके साथ-साथ देखेंगे कि निर्यात हेतु माल के उत्पादन और/अथवा यूनिटों द्वारा निर्यात उत्पादन के उपयोग के लिए खरीददारी आवश्यक है ।

3. इस बारे में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया इसके बाद बताई गई है और इसे कड़ाई से लागू किया जाएगा :—

प्रक्रिया :

(1) ज्यों ही ई ओ यू/ई पी जेड/एफ टी जेड यूनिटों द्वारा अपने परिसरों में माल की प्राप्ति की जाती है इसे इस उद्देश्य हेतु रखे जाने वाले माल रसीद रजिस्टर में माल का ब्यौरा, मात्रा, खरीद का स्त्रोत और सी फार्म जिसके तहत खरीद की गई आदि दर्शाया जाना चाहिए । क्षेत्र के प्राधिकृत स्टाफ /सीमा शुल्क प्रशासन द्वारा उस रजिस्टर की आवधिक जांच की जाएगी । दावे से सम्बद्ध रजिस्टर की एक स्व-प्रमाणित प्रति दावे के साथ प्रस्तुत की जाएगी ।

(2) केन्द्रीय बिक्री कर की प्रतिपूर्ति केवल उन एककों के लिए ग्राह्य होगी जो (पंजीकरण और कारोबार) नियमावली, 1957 के साथ पठित केन्द्रीय बिक्री कर अधिनियम, 1956 की धारा 7 के अनुसार बिक्री कर प्राधिकरणों में स्वयं को पंजीकृत करवायेंगे और सम्बद्ध फाइल में रखने के लिए संबंधित जोन कार्यालय को बिक्री कर प्राधिकरणों द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाण पत्र की एक फोटो प्रति प्रस्तुत करेंगे । ई पी जेड/ई ओ यू के लिए अलग सी एस टी पंजीकरण लेना होगा ।

(3) एकक को संबंधित ई पी जेड के विकास आयुक्त को निम्नलिखित दस्तावेजों सहित निर्धारित फार्म (अनुलग्नक -1) में केन्द्रीय बिक्री कर की प्रतिपूर्ति के लिए अपना दावा प्रस्तुत करना होगा :–

(क) आपूर्ति कर्ता का मूल बीजक/बिल जिसमें मदों का विवरण, मात्रा, मूल्य, दिए गए सी एस टी की राशि आदि का ब्यौरे दर्शाए गए हों और खरीददार तथा आपूर्तिकर्ता दोनों की सी एस टी पंजीकरण संख्या दी गई हों,

